Greenlawns School, Worli
Preliminary Examination – 2023-24

कक्षा - दसवीं पूर्णांक- ८०

दिनांक - १५-१-२०२४ विषय - <u>हिंदी</u> समय - ३ घंटे

---

सूचना :- १. प्रथम पंद्रह मिनट प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

२. प्रश्न पत्र के दो भाग हैं "अ" तथा " ब "।

३. भाग अ" के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

४. भाग “ब" में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

५. प्रश्न पत्र के पृष्ठों की संख्या [७] है।

---

Section A (40 Marks )
Attempt All Questions
<u>विभाग - अ (अंक - ४०)</u>

<u>भाषा - विभाग</u>

Question 1) Write a short Composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :-
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर २५० शब्दों में निबंध लिखिए :- [१५]


i) “पढ़ाई के लिए स्मार्टफोन की महत्ता को देखते हुए विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन के इस्तेमाल की अनुमति दी जानी चाहिए”- इस विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

ii) आपको अपने एक करीबी मित्र के घर पर दस दिन रहने एवं उसके परिवार से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला । आपने उसके परिवार से क्या-क्या सीखा , उसका वर्णन करते हुए लिखिए कि आपको उस परिवार की कौन सी एक बात सबसे अच्छी लगी ।

iii) युद्ध किसी भी मतभेद का पर्याय नहीं हो सकता है । इससे केवल मानवता का विनाश ही होता है । वर्तमान संदर्भों में युद्ध को रोकने के क्या उपाय किया जाए जिससे वैश्विक शांति बनी रहे । कथन के संदर्भ में अपने विचार लिखिए ।

iv) ‘ दूध का दूध पानी का पानी ’ इस लोकोक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए ।

v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और उसके आधार पर कोई घटना , कहानी या लेख लिखिए पर ध्यान रहे विषय का संबंध चित्र से होना चाहिए :-



Question 2) Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any **one** of the topics given below : -

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर हिंदी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए : -

( लिफाफा आवश्यक ) [७]

i) अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपने सहपाठी की बहादुरी से अवगत कराइए तथा उनसे प्रार्थना कीजिए कि इस वीरता के लिए सरकार की ओर से उसे पुरस्कृत किया जाए ।

अथवा

ii) मित्र को बोर्ड की परीक्षाओं में प्रथम आने पर बधाई - पत्र लिखिए ।

Question 3) Read the passage given below and answer in Hindi the question that follow, using your own words as far as possible :-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए ।

बहुत दिन हुए एक व्यापारी अपनी पत्नी और छोटे से बेटे के साथ रहता था। व्यापार ठीक न चलने के कारण उनकी गुजर बसर मुश्किल से हो रही थी। अपने प्यारे पुत्र को कष्ट में रहता देख वह बहुत दुखी हो जाता था। तब अपनी पत्नी की सलाह पर वह गुजरात में जाकर व्यापार करने लगा। व्यापार में व्यस्त रहने के कारण तथा अपनी पत्नी की बीमारी के कारण उसने अपने पुत्र अशोक को नालंदा विश्वविदयालय में पढ़ने भेज दिया। कुछ महीनों बाद व्यापारी की पत्नी की मृत्यु हो गई। व्यापारी इस धक्के को सह नहीं पाया। उसके दुख में उसने भी प्राण त्याग दिए। मरने से पूर्व उसने अपनी सारी संपत्ति अपने पुत्र अशोक के नाम कर दी और उसके पास समाचार भेज दिया तथा तब तक व्यवस्था एक न्यायाधीश को सौंप दी।

समाचार प्राप्त होते ही अशोक व्याकुल होकर घर की ओर चला। मार्ग में उसे रात गुज़ारनी पड़ी। वहाँ उसे एक अन्य बालक मिला जो बहुत चतुर था। उसने अपनी चालाकी से कई लोगों को मूर्ख बनाया था। वह अपने इस हुनर पर गर्व करता था। उसने अशोक की स्थिति भाँप ली। अशोक से सहानुभूति दिखाते हुए उसने उसके उत्तराधिकारी होने तथा परिवार में अकेला होने का सारा भेद मालूम कर लिया। बातें करते-करते वह अशोक के साथ हो लिया। दोनों में अच्छी मित्रता हो गई। घर पहुँचते ही उसने अपना असली रूप दिखाया। वहीं वह भी अशोक के साथ रोने लगा और अपने को उत्तराधिकारी कहने लगा। न्यायाधीश चकराया, वह दुविधा में पड़ गया। उसने व्यापारी के पुत्र को पहचानने की एक युक्ति निकाली।

उसने व्यापारी का एक चित्र मँगवाकर उसकी छाती की ओर इशारा करते हुए एक-एक तीर कमान उनके हाथ में देकर निशाना लगाने को कहा। यह भी कहा कि जो ठीक निशाना लगाएगा वही उत्तराधिकारी माना जाएगा। अशोक के साथी ने तो तीर ठीक निशाने पर छोड़ दिया परन्तु अशोक यह नहीं कर सका। वह सच्चा पुत्र था। वह तीर-कमान फेंककर फोटो से लिपट गया। उसे देखकर उसके दिल में पिता के प्रति श्रद्धा-भाव जागृत हो गया। अशोक ने न्यायाधीश से अपनी संपत्ति अपने साथी को दे देने को कहा तथा अपने लिए पिता की निशानी वही फोटो माँगी। अशोक के त्याग और श्रद्धा भाव से न्यायाधीश ने सच्चाई समझ ली। वे जान गए कि असली उत्तराधिकारी कौन है? उन्होंने अशोक को संपत्ति दे दी और उसके साथी को जेल भेज दिया।

प्रश्न :

१) अशोक को किसने, कहाँ पढ़ने भेजा और क्यों? (२)

२) अशोक घर की ओर क्यों चला गया और मार्ग में उसकी किससे मुलाकात हुई ? (२)

३) बालक ने क्या चतुराई दिखाई? उसने अपना असली रूप कब दिखाया ? (२)

४) न्यायाधीश की दुविधा का क्या कारण था ? उन्होंने इस समस्या का हाल कैसे निकाला ? (२)

५) इस गद्यांश से क्या शिक्षा मिलती है ? (२)

Question 4) Answer the following according to the instructions given : - [८]

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए : -

i) ‘ समास ‘ का विलोम बताइए -

a) व्यास

b) विषम

c) विग्रह

d) विधि

ii) ‘ समुद्र ‘ का पर्यायवाची शब्द बताइए -

a) जलधि, गिरीश

b) पयोधि , सुरेश

c) नदीश , उदधि

d) सिंधु , तरंग

iii) ' हिंसक ' की भाववाचक संज्ञा बताइए -

a) हिंस

b) हिंस्त्र

c) हिंसकी

d) हिंसा

iv) ' हानि ' का विशेषण बताइए -

a) हानिपद

b) हानिप्रद

c) हानीप्रद

d) हनीप्रद

v) ' मुट्ठी गर्म करना ' मुहावरे का अर्थ बताइए -

a) रिश्वत देना

b) निरा मूर्ख

c) ईर्ष्या होना

d) शेखी मारना

vi) ‘ चार वेद के नाम बताओ ।’ वाक्य का शुद्ध रूप बताइए -

a) चार वेदों के नाम बताइए ।

b) चारों वेद के नाम बताओ ।

c) चारों वेदों के नाम बताओ।

d) चारो वेदो के नाम बताओ।

vii) निर्देशानुसार काल का उचित भेद बताइए -

जंगल के राजा शेर ने पशु - समाज की असुरक्षा से चिंतित होकर पशुओं की एक सभा बुलाएगा।

a) अपूर्ण भूत काल

b) संभाव्य भविष्यत् काल

c) सामान्य भविष्यत् काल

d) अपूर्ण वर्तमान काल

viii) निर्देशानुसार वाक्य का उचित भेद बताइए -

नौकर ने घर में आते ही काम शुरू कर दिया ।

a) सरल वाक्य

b) संयुक्त वाक्य

c) मिश्र वाक्य

d) इनमें से कोई नहीं

## **Section - B (40 Marks)**

Attempt at least one-one question from 2 books

विभाग - ब (अंक 40)

साहित्य - विभाग

इस भाग से कुल 4 प्रश्न करने हैं ।

(चयनित प्रत्येक पुस्तक में से एक-एक प्रश्न लिखना अनिवार्य हैं ।)

### **संक्षिप्त - कहानियाँ**

Question 5) Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:-

प्रश्न ५] निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:-

" रसीला, दौड़कर पाँच रुपए की मिठाई ले आ । "

(पाठ - बात अठन्नी की , लेखक- सुदर्शन)

प्रश्न :

i) यह कथन किसका है ? श्रोता ने क्या चतुराई की ? (२)

ii) वक्ता को क्या शक हुआ और उसने क्या किया ? (२)

iii) वक्ता का परिचय दीजिए । (३)

iv) प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य लिखिए । (३)

Question 6) Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow:

प्रश्न ६] निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:

" ना तो यही चाहते थे कि ऋण का बोझ बढ़े और न यही स्वीकार था कि उसे अपने को भाग्यहीन समझना पड़े ।"

(पाठ - बड़े घर की बेटी , लेखक - प्रेमचंद )

प्रश्न :

i) उपर्युक्त पंक्तियाँ किसके बारे में कही गई है ? इसका संक्षिप्त परिचय दीजिए । (२)

ii) उनके सामने कौन- सा धर्म संकट था ? (२)

iii) ठाकुर साहब की बेटी का परिचय दीजिए । (३)

iv) कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए । (३)

Question 7)Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :
प्रश्न ७]निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

‘ मुझे अपने मित्र श्यामलाकांत को अब इस भीड़ का रहस्य बताने की आवश्यकता नहीं है ।’

(पाठ - भीड़ में खोया आदमी , लेखक - लीलाधर शर्मा पर्वतीय )

प्रश्न :

i) ‘मुझे’ शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? उन्हें अपने मित्र को किस भीड़ का रहस्य बताने की आवश्यकता नहीं है और क्यों ? (२)

ii) श्यामलाकांत को अपने घर में भीड़ के कारण किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ? (२)

iii) श्यामलाकान्त का चरित्र चित्रण कीजिए । (३)

iv) ‘भीड़’ शब्द से देश की किस समस्या की ओर संकेत किया गया है ? इस समस्या के कारण किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है ? इस समस्याओं से किस प्रकार छुटकारा मिल सकता है ? (३)

<u>पद्य - विभाग</u>

Question 8)Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow :-
प्रश्न ८ ] निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए : -

कुछ कह लिया, कुछ सुन लिया ,
कुछ बोझ अपना बँट गया ,
अच्छा हुआ तुम मिल गईं
कुछ रास्ता ही कट गया ।
क्या राह में परिचय कहूँ , राही हमारा नाम है ।
चलना हमारा काम है ।

(कविता - चलना हमारा काम है , कवि - शिवमंगल सिंह ' सुमन ')

प्रश्न :

i) ‘बोझ’ का अर्थ लिखकर स्पष्ट कीजिए कि उसको बाँटने के लिए कवि ने कौन-सा उपाय बताया है ? समझाकर लिखिए । (२)

ii) ‘चलना हमारा काम है’ के आशय को स्पष्ट कीजिए । (२)

iii) कवि अपना परिचय क्या कहकर कराते हैं ?कवि की विचारधारा पर अपने विचार भी व्यक्त कीजिए। (३)

iv) प्रस्तुत कविता का उद्देश्य अपने शब्दों में कीजिए । (३)

Question 9) Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow : -
प्रश्न ९] निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

रहिए लटपट काटि दिन , बरु घामे माँ सोय ।
छाँह न वाकी बैठिये , जो तरु पतरो होय ॥
जो तरु पतरो होय , एक दिन धोखा देहैं ।
जा दिन बहै बयारि ,टूटि तब जर से जैहैं ॥
कह 'गिरिधर कविराय' छाँह मोटे की गहिए ।
पाती सब झरि जायँ , तऊ छाया में रहिए ॥

(कविता - गिरिधर की कुण्डलियाँ , कवि - गिरिधर कविराय' )

प्रश्न :

i) कवि के अनुसार किस पेड़ की छाया में नहीं बैठना चाहिए और क्यों ? समझाकर लिखिए । (२)

ii) 'छाँह मोटे की गहिए' से क्या तात्पर्य है ? ऐसा करने से क्या लाभ होता है ? (२)

iii) कवि का परिचय दीजिए । (३)

iv) शब्दार्थ लिखिए - बयारि, पतरो, छाँह, लटपट, पाती, घामे (३)

Question 10) Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow : -
प्रश्न १०] निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए : -

गुरु गोबिंद दोऊ खड़े काके लागू पायँ ।
बलिहारी गुरु आपनो, जिन गोबिंद दियौ बताय ॥
पाहन पूजे हरि मिले , तो मैं पूजूँ पहार ।
ताते ये चाकी भली , पीस खाय संसार ॥

(कविता - साखी , कवि - कबीरदास जी )

प्रश्न :

i) गुरु और गोबिंद में से कौन - सा पहले पूछने योग्य है और क्यों ? समझाकर लिखिए । (२)

ii) 'पाहन पूजे हरि मिले , तो मैं पूजूँ पहार ' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । (२)

iii) चक्की में क्या विशेष बात है ? इस दोहे का मूल सन्देश बताइए । (३)

iv) कविता का केंद्रीय भाव लिखिए । (३)

**************************